# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**शुद्धिपत्र क्रमांक 01/05/2021, दिनांक 08.07.2021**

### उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो)/ तथा उप पुलिस अधीक्षक (कंप्यूटर) परीक्षा- 2021

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 06.08.2021

01 मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा **गृह विभाग, मध्य प्रदेश शासन** हेतु **उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो) तथा उप पुलिस अधीक्षक (कंप्यूटर) परीक्षा- 2021** के कुल 15 पदों की पूर्ति हेतु **विज्ञापन क्रमांक 05/2021, दिनांक 23.06.2021** आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in,** एवं **www.mppsc.com** पर जारी किया गया है तथा "रोजगार और निर्माण" समाचार पत्र के दिनांक **28.06.2021** के अंक में भी प्रकाशित किया गया था।

02 गृह विभाग के उक्त वर्दीधारी पदों हेतु निम्नानुसार शारीरिक अर्हता निर्धारित हैं -

| लिंग | ऊंचाई से.मी. में | सीने का घेरा | |
|---|---|---|---|
| | | बगैर फुलाए से.मी. में | पूर्णत: फुलाने पर से.मी. में |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| पुरुष | 168 | 84 | 89 |
| महिला | 155 | सीने का माप अपेक्षित नही | सीने का माप अपेक्षित नही |

- बिना फुलाए तथा फुलाए हुए सीने के बीच कम से कम 5 से.मी. का अंतर होना चाहिए । इस मामले मे कोई छूट प्रदान नहीं की जाएगी।
- अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से दिव्यांग नहीं होना चाहिए ।
- अभ्यर्थी चिकित्सकीय दृष्टि से योग्य (मेडिकली फिट) होना चाहिए और दृष्टि जॉच (विजन टेस्ट) मे अल्प दृष्टि नहीं होना चाहिए उसकी समस्त रंगों के प्रति स्पष्ट दृष्टि होना चाहिए। उसे शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम नहीं होना चाहिए ।
- यदि अभ्यर्थी उक्त अर्हताओं को पूर्ण नहीं करते हैं तो नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

03 अभ्यर्थी आवेदन भरने के पूर्व अपने शारीरिक एवं चिकित्सकीय मापदण्डों का परीक्षण करवा लें तथा अर्हताओं के पूर्ण करने पर ही आवेदन भरें। जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरे जा चुके हैं तथा वे उक्त अर्हताओं को पूर्ण नहीं करते हैं उनके लिए शीध्र ही फीस वापसी की लिंक उपलब्ध करवायी जाएगी, जिसके माध्यम से वे शुल्क वापसी हेतु आवेदन कर सकेगें।

04 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

Vau

सचिव